स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

## सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

*अंक 5 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 नवम्बर 2022 ✦ वर्ष 11 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5*



TAILOR MADE
**SOLUTIONS**
FOR DIVERSE
**INDUSTRY NEEDS**

**MEI POWER PRIVATE LIMITED**

MARSON'S
AGRA, INDIA



25 KVA to 14 MVA
Type Tested as per
**BIS Level 3 & 2 / IEC & IS**




## संस्थापक - स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

*(19 अगस्त, 1927 - 31 अगस्त, 2016)*

आपका स्नेह, सेवाभाव, समाज की प्रगति की भावना, उच्च विचार एवं
प्रेरणादायक जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।













**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

**MEI POWER PRIVATE LIMITED**

**Correspondence**: 1/189 Delhi Gate, Civil Lines, **Agra - 282 002 (INDIA)**
Ph: +91 562 2520027, +91 562 2850812
**Works:** Mathura Road, Artoni, **Agra - 282 007 (INDIA)**
Ph: +91 90277 09944, +91 92580 78803
info@marsonselectricals.com www.marsonselectricals.com

9001 14001 MIDEL CE ENERGY IS LIFE BEE CONSERVE IT EU Directives

**Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions**

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

अंक 5 ✦ 25 नवम्बर 2022 ✦ वर्ष 11

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

**महासभा पदाधिकारी**

**श्री शरद कुमार हीराचंद जैन** ***( कार्यकारी अध्यक्ष )***
माँ सुनन्दा
47, स्वराज विहार कॉलोनी,
वाथोड़ा, पाधन रोड, नागपुर-8
मोबा. : 9823120854
E-mail : jain49424@gmail.com

**श्री मगन चंद जैन** ***( कार्यकारी महामंत्री )***
हरि साउंड सर्विस, महावीर भवन, अलवर (राज.)
मोबा.: 9414483478, व्हाट्सएप : 9460472782
E-mail : harisound.sales@gmail.com

**श्री अजीत जैन** ***( अर्थमंत्री )***
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

**पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल**

**डॉ. अनुपम जैन** *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

**श्री चन्द्रशेखर जैन** *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

**श्री प्रकाश चन्द जैन** *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

**श्री पारस जैन गहनौली** *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

**श्री महेश चन्द जैन** *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

## संयोजक की कलम से............

## पल्लीवाल जैन समाज

पल्लीवाल जैन समाज की वर्तमान स्थिति बहुत ही नाजुक दौर में प्रवेश कर चुकी है। समय बदल रहा है पर हम नब्ज को समझ नहीं पा रहे हैं। बाहर से सामाजिक एकता का ढोंग कर रहे हैं लेकिन भीतर ही भीतर पुराने वैमनस्य को एक दूसरे पर उतारने का बहाना ढूंढ रहे हैं। समाज में कोई व्यक्ति अगर आपकी पसंद का कार्य नहीं करता है तो उसके विरोध में खड़े होने में देर नहीं करते और सामाजिक या व्यक्तिगत जीवन में जीवन मूल्य एवं कार्यक्षमताएं खंड-खंड होती नजर आती हैं। जब सामाजिक व्यक्ति स्वयं की कमियों एवं त्रुटियों पर ध्यान देना बंद कर देता है तो यह स्थिति आदमी से ऐसे-ऐसे कार्य करवाती है जो आगे चलकर उसके स्वयं के लिए एवं समाज के लिए हानिकारक सिद्ध होते हैं। रही सही कसर इर्द-गिर्द व्यक्तियों का समूह उसे उसके विवेक पर नियंत्रण कर त्रुटिपूर्ण एवं असंतुलित कार्य की ओर अग्रसर कर देता है। ऐसा ही आजकल पल्लीवाल समाज में चुनाव कार्यक्रम को लेकर व्याप्त है। हमारे पूर्वजों ने इस समाज का निर्माण किया और इस पौधे को अपनी मेहनत, त्याग एवं आचार-विचार से एक वट वृक्ष के रूप में स्थापित किया है, जिसका एहसास वर्तमान पीढ़ी को नहीं है, चाहे उसे समाज के कार्य में कुछ ही वर्ष हुए हों। वह अपने आप को समाज का सर्वमान्य प्रतिनिधि मानकर संचालन करना चाहता है। आए दिन व्हाट्सएप के माध्यम से छोटी-छोटी बातों को मिर्च-मसाला लगाकर परोसा जाने लगा है। साथ ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग ऐसी गतिविधियों पर चटपटे एवं मसालेदार लेख एवं प्रतिक्रियाएं

*शेष अगले पृष्ठ पर......*

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।

## ......संयोजक की कलम से

लिखकर सामाजिक समरसता को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं और कुछ चाटुकारिता वाले बंधु उसके ऊपर अपनी प्रतिक्रिया और सवाल-जवाब का दौर शुरू कर देते हैं। इससे समाज की सामाजिक संस्कृति और सांस्कृतिक पहचान धूमिल हो गई है। सोशल मीडिया ने समूचे समाज को एक परिवार तो बना दिया है लेकिन इस परिवार में भावना का रिश्ता, खून का रिश्ता व एक दूसरे के पारिवारिक संबंध को तार-तार कर दिया है। सामान्य सामाजिक बंधुओं में अकर्मण्यता एवं उदासीनता का माहौल बन गया है। सभी सामाजिक बंधु दो ग्रुप में विभाजित हो गए हैं और सभी स्वार्थों के दीए में तेल डालने में लगे हैं व अपनी संकीर्ण सोच के अंधेरे गलियारों में सामाजिक समरसता औंधे मुंह पड़े संबंध और मानवीय रिश्ते सिसक रहे हैं।

अब प्रश्न यह पैदा होता है कि इन सब का हल कैसे निकले तो मेरे सीधे-सीधे शब्दों में हम सभी सामाजिक बंधुओं को पूर्व के घटनाक्रम को भुलाना होगा और समाज के लिए अच्छी सोच रखने वाले पुराने एवं कुछ नए लोगों को साथ लेकर एक प्लेटफॉर्म बनाना होगा और वह प्लेटफॉर्म हमारे संवैधानिक दायरे में रहकर जो निर्णय करे समाज के सभी वर्गों को उसे स्वीकार करना होगा तभी समाज पुनः एक धारा में आ पाएगा। आज की परिस्थितियों में समाज पर व्यापक पकड़ किसी की भी नहीं दिखाई देती है, राष्ट्रीय नेतृत्व क्षमता वाले व्यक्तियों का सर्वथा अभाव है और अंदर खाने श्वेतांबर एवं दिगंबर एकता की आग सुलगने लगी है, जो अत्यंत ही गंभीर है।

आप सभी एक सृजनात्मक, रचनात्मक समग्र समाज के सृजन माला को पुनः एक सूत्र में अपने त्याग से पिरोने का सम्यक पुरुषार्थ प्रारंभ करें तथा सकारात्मक में सहयोगी बने।

इसी विनम्र निवेदन के साथ 'णमो लोए सव्य साहूणं'।

*-चन्द्र शेखर जैन*

## बधाई


श्री शरद जैन
कार्यकारी अध्यक्ष




श्री मगन चन्द जैन
कार्यकारी महामंत्री

अ.भा.प. जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 13.11.2022 को फिरोजाबाद में सम्पन्न हुई। इस कार्यकारिणी बैठक में बहुमत से कार्यकारी अध्यक्ष श्री शरद जी जैन, नागपुर एवं कार्यकारी महामंत्री श्री मगन चन्द जी जैन, अलवर चुने गये।

## विज्ञप्ति

पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक दिनांक 16.10.22 को पल्लीवाल जैन शिक्षा संकुल – एच-1, एच-2 आर.ए.एस. कॉलोनी, जगतपुरा, जयपुर में शिक्षा समिति के अध्यक्ष माननीय डॉ. ताराचंद जी जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शिक्षा समिति की कार्यकारिणी के निर्णयानुसार समिति के नवीन चुनाव करवाए जाने हैं, इसके लिए डॉ. राजकुमार जैन (पर्ल पेशन, राजेंद्र मार्ग, बापू नगर, जयपुर) को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन शीघ्र ही चुनाव प्रोग्राम जारी करेंगे, जिसकी सूचना पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति के सभी सदस्यों को व्हाट्सएप के माध्यम से ग्रुप में डाल दी जाएंगी। सभी सदस्यों को सूचनार्थ यह विज्ञप्ति पल्लीवाल जैन पत्रिका में प्रकाशित करवाई जा रही है ताकि सभी माननीय सदस्य शिक्षा समिति के विकास में अपनी भागीदारीता सुनिश्चित कर सकें।

***-अशोक कुमार जैन***
*महामंत्री, पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति*

## शोक संवेदना



अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के राष्ट्रीय अर्थमंत्री श्री अजीत जैन की भाभीजी **श्रीमती स्वराज जैन** (धर्मपत्नी स्व. श्री राजेंद्र कुमार जैन, पालम वाले), 547-सेक्टर 22, गुरुग्राम का स्वर्गवास दिनांक 14.11.2022 को हो गया। आप धार्मिक, सामाजिक, मिलनसार एवं सरल स्वभाव की महिला थीं एवं सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती थीं। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा वीर प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए संवेदना प्रेषित करती है।

# फिरोजाबाद में आयोजित अ.भा.प. जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक का कार्यवाही विवरण

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक दि. 13.11.2022 को अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन की अनुपस्थिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शरद कुमार जैन की अध्यक्षता में सेठ छिदामी लाल जैन मंदिर, फिरोजाबाद में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य/पदाधिकारी सम्मलित हुए। सर्वप्रथम फिरोजबाद शाखा द्वारा महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया तथा महासभा द्वारा भी फिरोजाबाद शाखा की कार्यकारिणी का सम्मान किया गया। बैठक का विधिवत प्रारम्भ मंगलाचरण से हुआ। श्री देवकी नन्दन जैन पूर्व अध्यक्ष द्वारा मंगलाचरण का गायन किया गया।

**1. गत बैठक की कार्यवाही विवरण का पठन एवं अनुमोदन :-** महामंत्री राजीव रतन जैन द्वारा 31 जुलाई 2022 को ग्वाालियर में आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण का पठन किया। श्री पारस चन्द जैन (खेरली) जयपुर ने बताया कि कार्यवाही विवरण में लिखा है कि मेरे द्वारा एम.ओ.यू. में परिवर्तन किया गया है, जबकि मैंने कहा था कि एम.ओ.यू. में परिवर्तन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की सहमति से किया गया, जो कि जयपुर शाखा की कार्यवाही विवरण में भी है, अध्यक्ष महोदय द्वारा एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया। यह सब गत बैठक की रिर्काडिंग से स्पष्ट है। महामंत्री ने बताया कि रिर्काडिंग सुनकर संशोधन कर दिया जावेगा।

**2. त्रिवार्षिक सभा का कार्यवाही विवरण का वाचन:-** महामंत्री ने बताया कि 17 सितम्बर 2022 को हस्तिनापुर में त्रिवार्षिक सभा का आयोजन किया गया यदि सदन अनुमति दे तो मैं उसका वाचन प्रारम्भ करूं। सदन द्वारा कहा गया कि वाचन करने की आवश्यकता नहीं है, इसे पत्रिका में प्रकाशित करवा दिया जावे।

**3. प्राप्त त्याग पत्रों पर विचार विमर्श कर निर्णय :-** महामंत्री ने बताया कि अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन द्वारा उनका त्याग पत्र प्राप्त हुआ जिसे सदन में पढ़कर सुनाया गया। सदन के अधिकतर सदस्यों द्वारा हाथ उठाकर त्याग पत्र स्वीकार करने की सहमति दी गई। अर्थमंत्री श्री अजीत जैन ने कहा कि हाथ उठाकर नहीं गुप्त मतदान कर निर्णय किया जाये। गुप्त मतदान कराया गया तथा बहुमत से त्याग पत्र स्वीकार किया गया। इसके उपरान्त **सदन द्वारा सर्वसम्मति से श्री शरद कुमार जैन को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।** इसके उपरान्त **महामंत्री द्वारा स्वयं का त्याग पत्र** भी सदन में पढ़कर सुनाया गया जिसे भी सदन ने गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर स्वीकार किया गया। इसके उपरान्त कार्यवाहक महामंत्री मनोनीत करने हेतु श्री मुकेश चन्द जैन, जयपुर द्वारा श्री विमल चन्द गहनौली महुवा का नाम प्रस्तावित किया। इस पर सदन के कुछ सदस्यों द्वारा आपत्ति की गई कि सदन में से ही किसी व्यक्ति का मनोनयन किया जावे। श्री कमल चन्द जैन खोह द्वारा बताया गया कि विधान की धारा 16(2) में स्पष्ट प्रावधान है कि सदन चाहे तो महासभा प्रतिनिधियों में किसी को भी रिक्त पद पर मनोनीत किया जा सकता है। श्री पंकज जैन मिढाकुर ने श्री प्रमेन्द्र जैन आगरा के नाम का प्रस्ताव किया तथा श्री कमल चन्द जैन द्वारा श्री मगन चन्द जैन, अलवर के नाम का प्रस्ताव दिया। श्री राजीव रतन जैन महामंत्री द्वारा कहा गया कि सदन 10 मिनिट के लिए स्थगित किया जाता है, जब तक किसी एक नाम पर सहमति बना ली जावे अन्यथा गुप्त मतदान द्वारा निर्णय किया जावेगा। दस मिनिट उपरान्त सदन की बैठक पुन: प्रारम्भ की गई। श्री प्रमेन्द्र जैन, आगरा द्वारा कार्यवाहक महामंत्री के मनोनयन से अपना नाम वापिस लेते हुए श्री मगन चंद जैन के सर्मथन की घोषणा की गई। सदन द्वारा सर्व सम्मति से **श्री मगन चन्द जैन, अलवर को कार्यवाहक महामंत्री मनोनीत किया गया।** श्री राजीव रतन जैन द्वारा श्री मगन चन्द जैन को मंच पर आसीन किया गया तथा बैठक की आगे की कार्यवाही सम्पादित करने हेतु निवेदन किया गया। श्री मगन चन्द जैन द्वारा निवेदन किया गया कि आज की बैठक की पूर्ण कार्यवाही श्री राजीव रतन जैन ही सम्पादित करावे। जिसे श्री राजीव रतन जैन द्वारा स्वीकार किया गया।

**4. आगामी मतदान स्थल, चुनाव अधिकारी एवं मतदान तिथि का निर्णय :-**

**श्री सुनीता जैन, भरतपुर-** मैं भरतपुर के समाज से चुनाव भरतपुर में करवाने की सहमति लेकर आयी हूं, भरतपुर समाज के 50 व्यक्तियों द्वारा भरतपुर में चुनाव कराने पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। भरतपुर वैसे भी सभी स्थानों से बीच में है। अत: चुनाव भरतपुर में ही कराये जावे।

**श्री महावीर प्रसाद जैन दिल्ली** ने कहा कि चुनावों के कारण समाज में एक-दूसरे के प्रति एफ.आई.आर. हो गई है, हमें पहले समाज में समरसता बनानी चाहिए सभी पक्षों को एक साथ बैठा कर एफ.आई.आर. वापिस करवानी चाहिए, उसके उपरान्त ही चुनाव कराये जाने चाहिए।

**श्री मुकेश चन्द जैन,** जयपुर- एफ.आई.आर. का चुनावों से कोई संबंध नहीं है। जिन्होनें गलत किया है उन्हें सजा मिलनी चाहिए, नहीं तो ऐसा भविष्य में कोई भी कुछ कर देगा। हमें चुनाव शीघ्रताशीघ्र करवाने चाहिए।

**श्री निर्मल चन्द जैन, आगरा**- हमें चुनावों को शीघ्रताशीघ्र करवाना चाहिए, एफ.आई.आर. के कारण चुनावों को रोकने का कोई औचित्य नहीं है।

**श्री पारस चन्द जैन ( खेरली )**- हमें पहले एफ.आई.आर. को वापिस लेने पर विचार विमर्श करना चाहिए उसके उपरान्त ही चुनाव करवाये जाने चाहिए।

**श्री उर्मिला जैन, जयपुर**- माना कि हस्तिनापुर में अव्यवस्थाऐं थी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा उन अव्यवस्थाओं को सुधारने में सहयोग करने के बजाय अव्यवस्थाओं को बढ़ाया गया। मतदान को रोक कर समाज को चौराहे पर खड़ा कर दिया गया, अत: उन पर कार्यवाही होनी चाहिए तथा जितनी जल्दी हो सके चुनाव होने चाहिए।

**श्री मृगेन्द्र जैन, मुम्बई**- एफ.आई.आर. पर कार्यवाही होनी चाहिए, जिन्होंने ने मतपत्र फाड़े, मतदान रोका, गालियां दी उन्हें सजा मिलनी चाहिए, जिससे इस प्रकार की घटना की पुर्नरावृत्ति न हो।

**श्री संजय जैन सहमंत्री**- एफ.आई.आर. का चुनावों से कोई वैधानिक संबंध नहीं है, जहां तक मुझे पता है महासभा द्वारा जो एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है, उसमें किसी का नाम नहीं है, वहां जो घटना घटी उसकी सूचना महासभा द्वारा दी गई है। जहां तक एफ.आई.आर. के वापिस लेने कि बात है, कानून एक बार एफ.आई.आर. दर्ज होने के बाद उसे कोई वापिस नहीं ले सकता, या तो उसमें पुलिस द्वारा एफ.आर. लगाई जायेगी या समझौता पेश होगा। जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी चुनाव कराये जाने चाहिए, चुनाव जितनी देर से होंगे उतनी ही वैमनस्यता बढ़ती जायेगी। चुनाव का स्थान भरतपुर रखा जावे, यह आगरा, ग्वालियर, मुरैना, राजस्थान सभी के लिए सुगम है।

**प्रमेन्द जैन, आगरा**- हमें पुरानी बातों को नहीं दोहाराना चाहिए, आज हमें दो निर्णय जरूर करने चाहिए, एक चुनाव स्थान एवं एक चुनाव तिथि, चुनाव जितनी देरी से होगा, वैमनस्ता उतनी ही बढ़ती जायेगी। उसके उपरान्त भोजनावकाश कर दिया गया।

भोजनावकाश के उपरान्त बैठकर पुन: प्रारम्भ की गई श्री राजीव रतन जैन ने बताया कि एक कमेटी का गठन किया जावे जो आपस में विचार-विमर्श कर चुनाव तिथि, चुनाव स्थान, एवं चुनाव अधिकारी बनाने के निर्णय करे। यदि मगन जी ने कोई नाम तय किये हं, तो बतायें।

**श्री मगन चन्द जैन**- जो चुनाव होने जा रहे हैं, उसकी कार्यवाही निष्पक्ष सम्पादित करने हेतु मैंने मेरे स्वविवेक से ग्यारह व्यक्तियों का चयन किया, चुनाव से संबंधित जो भी निर्णय हो वो यह ग्यारह व्यक्ति एवं अध्यक्ष, महामंत्री एवं अर्थमंत्री करेंगे। क्योंकि कार्यकारिणी की बैठक बार-बार किया जाना संभव नहीं है। ग्यारह व्यक्ति इस प्रकार है- 1. मुकेश चन्द जैन, जयपुर, 2. प्रमेन्द्र जैन, आगरा, 3. नवीन जैन, बयाना, 4. श्रीमती उर्मिला जैन, जयपुर, 5. पंकज जैन मिढाकुर, 6. निर्मल जैन (अलमारी) आगरा, 7. महावीर प्रसाद जैन, जौरां (म.प्र.), 8. महेन्द्र जैन, कोटा, 9. विनोद जैन, दिल्ली, 10. विमल चन्द जैन (रेता वाले) फिरोजाबाद, 11. अनिल कुमार जैन, अलवर। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष, महामंत्री एवं अर्थमंत्री रहेगें। मैं सदन से अनुमोदन चाहूंगा, सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। तथा तय किया गया कि कमेटी शीघ्र बैठक का आयोजन कर चुनाव तिथि, स्थान एवं चुनाव अधिकारी तय कर कार्यकारिणी के समक्ष रखेगी।

**अजीत जैन अर्थ मंत्री**- महासभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष पूर्व समाप्त हो गया, उसके उपरान्त दो बार छ:-छ: माह बढ़ाया गया, जो भी समाप्त हो रहा है। अत: आज हमने जो निर्णय किये हैं उनकी वैधानिकता बनाये रखने के लिए महासभा कार्यकारिणी का कार्यकाल छ: माह अथवा नई कार्यकारिणी के चुनाव होने तक जो भी पहले हो तक बढ़ाया जावे। हमने पूर्व में पल्लीवाल पत्रिका की आजीवन सदस्यता एवं विज्ञापन की दरों में इजाफा किया है, लेकिन महासभा की सदस्यता शुल्क में कोई भी वृद्धि नहीं की है, अत: इसे भी बढ़ाया जावे।

**श्री कमल चन्द जैन खोह**- महासभा की सदस्यता शुल्क राशि 1100/- रूपये किया जावे।

**श्री संजय जैन सहमंत्री**- अर्थमंत्री महोदय द्वारा जो भी सुझाव दिये गये हैं, वह सही हैं, लेकिन सदस्यता शुल्क में वृद्धि हेतु विधान में संशोधन करना आवश्यक है, जोकि प्रतिनिधि सभा द्वारा अनुमोदन होने के उपरान्त ही संभव है। अत: जो भी नई कार्यकारिणी आये वह यह संशोधन करा लेवे।

श्री अजीत जैन अर्थमंत्री ने बताया कि वर्तमान में बैंक में अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन एवं महामंत्री श्री राजीव रतन जैन के हस्ताक्षर चल रहे हैं। नये कार्यवाहक अध्यक्ष एवं महामंत्री के हस्ताक्षर बैंक में भिजवाने एवं कार्यवाही करने में समय लगेगा, जिससे विधवा सहायता भिजवाने में कठिनाई होगी। शीघ्र ही चुनाव होने हैं, चुनाव होने एवं नई कार्यकारिणी के गठन होने तक बैंक से लेन-देन हेतु निवर्तमान अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन एवं निवर्तमान महामंत्री श्री राजीव रतन जैन को अधिकृत कर दिया जावे ताकि विधवा सहायता राशि समय पर भिजवाई जा सके। सदन द्वारा इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बाद विचार-विमर्श 1 जनवरी, 2023 से सदस्यता शुल्क राशि रू. 500/- किये जाने को निर्णय किया गया तथा महासभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल चुनाव होने तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। अंत में अध्यक्ष श्री शरद कुमार जैन द्वारा फिरोजाबाद शाखा एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

***-राजीव रतन जैन***

# त्रिवार्षिक सम्मेलन सभा की कार्यवाही का विवरण

अखिल भारतीय पल्लीवाल महासभा का त्रिवार्षिक अधिवेशन दिनांक 17.09.2022 शनिवार को शांतिसागर सभागृह जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों को मंचासीन कर झण्डारोहण करने के लिए सभी से आग्रह किया गया। झण्डारोहण कर्त्ता श्री विमलचंद जैन रेतावाले फिरोजाबाद द्वारा झण्डारोहण किया गया। तत्पश्चात् भगवान महावीर के चित्र का अनावरण श्री गौरव जैन (शाखा मंत्री) ग्वालियर के द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन श्री ओमप्रकाश जैन (कोयले वाले) ग्वालियर के द्वारा किया गया। महामंत्री द्वारा महापर्व पर्युषण के उपलक्ष्य में सदन से अपनी ओर से व अपनी पूरी कार्यकारिणी की ओर से वर्ष भर में हुई सभी गलतियों के लिए क्षमायाचना (मिच्छामि दुक्कड़म) की गई, तत्पश्चात् स्वागत की कड़ी में सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी डॉ. अनुपम जैन को बैच, शॉल, श्रीफल, माला से महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी.जैन एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी के उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। उसके बाद महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी.जैन का सम्मान केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री विनोद जैन दिल्ली, श्री भागचंद जैन नौगाँव, श्री पारस जैन (खेड़ली) जयपुर, श्री मृगेन्द्र जैन मुम्बई, श्री पंकज जैन मिड़ाकुर के द्वारा किया गया। झण्डारोहणकर्ता श्री विमलचंद जैन रेतावाले फिरोजाबाद का सम्मान पत्रिका संयोजक श्री चंद्रशेखर जैन एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मुकेश जैन (अलीपुर) जयपुर द्वारा किया गया। श्री ओमप्रकाश जैन (कोयलेवाले) का सम्मान श्री भागचंद जैन नौगांव, श्री पारस जैन खेड़ली जयपुर द्वारा किया गया। श्री गौरव जैन (शाखा मंत्री) जयपुर का सम्मान श्री पंकज जैन मिड़ाकुर, श्री मृगेन्द्र जैन मुम्बई द्वारा किया गया। महामंत्री राजीवरतन जैन का सम्मान सदन में उपस्थित महासभा पदाधिकारी एवं सभी केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। संगठन मंत्री श्री महेन्द्र जैन कोटा पूर्व अध्यक्ष श्री सुमत प्रकाश जैन इन्दौर, पूर्व महामंत्री श्री अशोक जैन जयपुर एवं पूर्व महामंत्री श्री जितेन्द्र जैन आगरा का सम्मान केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया।

महामंत्री राजीवरतन जैन द्वारा संक्षिप्त में अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन उल्लेख किया गया। तत्पश्चात् चुनाव अधिकारी डॉ. अनुपम जैन द्वारा 18 सितम्बर 2022 को होने वाले चुनाव से संबंधित संपूर्ण जानकारी सदन को दी। साथ ही अपील की कि यह चुनाव आपका अपना है, इसलिये मर्यादित रहें, सहयोगी भाव रखें, एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाएँ रखें। महासभा की पल्लीवाल पत्रिका की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आपने पत्रिका संयोजक श्री चंद्रशेखर जैन की पत्रिका की पूरी टीम की ओर से पत्रिका को ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सदन में उपस्थित सदस्यों द्वारा ड्रायविंग लायसेन्स को वोटर आई.डी. के रूप में मान्यता देने की अपील की गई, जिसे चुनाव अधिकारी द्वारा मान्य कर स्वीकृति दे दी गई।

असिस्टेण्ट प्रोफेसर रोहित जैन जयपुर ने चुनाव संबंधित वैचारिक समस्याओं पर सदन के सामने अपनी बात रखी, व इन समस्याओं के निराकरण करने हेतु अपनी बात रखी।

मीटिंग के दौरान थाना प्रभारी (एस.एच.ओ.) श्री राठौर जी उपस्थित हुए, आपने भी सदन को 18 सितम्बर को होने वाले चुनाव को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसी बीच पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी का ससंघ सभागृह में प्रवेश हुआ, समस्त पदाधिकारियों एवं सदन द्वारा ससंघ का आशीर्वाद लिया गया। प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकाश्री चंदनामती माताजी द्वारा डॉ. अनुपम जैन के 45 वर्षों से जुड़े हैं, एवं श्री विनोद जैन दिल्ली के भी संघ से जुड़े हैं, वह पल्लीवाल समाज के संगठन की जानकारी देते रहते हैं। समाज का जातीय संगठन होना चाहिए, तथा उन्होंने अपने प्रवचन में और भी धार्मिक एवं सामाजिक जानकारियां सदन को दीं। साथ ही मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी ने अपने आशीर्वचन सदन को दिए, आपने समाज का अस्तित्व बनाए रखने व संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कही। आपने जैन समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने नाम के साथ जैन अवश्य लिखने का निर्देश दिया। जैन धर्म के प्रचार प्रसार में सभी को सदैव आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए, आपने ऐसे कई मार्मिक संदेश देकर पूरे सदन को मंगल आशीर्वाद दिया। स्वामीश्री रवीन्द्रकीर्तिजी संस्थान की ओर सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात् महामंत्री द्वारा 45 मिनिट के भोजन अवकाश के पश्चात् अधिवेशन पुन: प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

भोजन के पश्चात्, महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी.जैन ने वर्ष 2018 इन्दौर में आयोजित वार्षिक साधारण सभा की जानकारी देते हुए कहा कि उसमें सर्वसहमति से प्रस्ताव आया था कि चुनाव प्रणाली बहुत ही खर्चीली हो गई है, इसलिये कोई भी शाखा अपने यहां चुनाव नहीं करना चाहती, क्योंकि इसमें खर्चा बहुत होता है, अत: इसमें सुधार किया जाए। एवं प्रत्याशियों को भी बहुत खर्च करना पड़ता है। वर्तमान कार्यकारिणी ने संविधान संशोधन की एक कमेटी गठित की, जिसने अपनी रिपोर्ट अलवर मीटिंग में प्रस्तुत की। पर विचार विमर्श के बाद कार्यकारिणी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया। यदि ए.जी.एम. निर्णय ले तो पुन: आगामी कार्यकारिणी इस पर विचार कर जो भी संशोधन

हो, करके निर्णय लिया जावे, यह मेरा प्रस्ताव है।

श्री अनिल जैन जयपुर ने अध्यक्ष महोदय के प्रस्ताव को समर्थन किया। साथ में सदन में उपस्थित सदस्यों द्वारा भी प्रस्ताव का समर्थन किया गया। श्री ओमप्रकाश जैन ने महिला प्रत्याशियों का विधान में संशोधन कर अभी की ए.जी.एम. में ही निर्णय लिया जावे।

महामंत्री राजीवरतन जैन ने बताया कि आप सभी के जो भी प्रस्ताव हैं, उन्हें हम नोट कर आगामी कार्यकारिणी को भेज देंगे। उनके द्वारा प्रस्ताव बना कर यदि कार्यकारिणी में पास किया जाता है, तब ए.जी.एम. बुलाकर उसमें पास करना पड़ता है तभी वह विधान में संशोधन माना जाएगा।

मुकेश जैन (अलीपुर) जयपुर ने भी महिला प्रत्याशियों पर अपने विचार रखे एवं महासभा द्वारा प्राप्त पत्रों को सदन में रखने का महामंत्री को आग्रह किया।

अध्यक्ष श्री आर.सी.जैन ने प्रस्ताव दिया कि पूर्व में तैयार विधान संशोधन के पुन: विचार के लिए नई कार्यकारिणी को भेजा जाए, जिसमें जो भी सुधार हो वह करके अपना निर्णय लें। एवं दूसरा प्रस्ताव निर्वाचन अधिकारी के सहयोग के लिए महासभा का एक प्रतिनिधि तथा दोनों पक्षों के एक एक प्रतिनिधि मिलकर यदि मतदान करते समय कोई समस्या आए तो उसका हल हेतु अपनी सलाह देने के लिए एक टीम गठित की जाए।

पूर्व महामंत्री श्री जितेन्द्र जैन आगरा ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि सभी लोग विधान से बंधे हुए हैं, और विधान में यह व्यवस्था है, कि कोई भी प्रस्ताव साधारण सभा या प्रतिनिधि सम्मेलन में जब तक नहीं रख सकते, जब तक कि कार्यकारिणी द्वारा पास नहीं कर दें। तब तक उस पर सीधा विचार नहीं किया जा सकता। कार्यकारिणी का मुख्य अधिकार है कि वह निरंतर मनन करे, विचार करे, उसके बाद उस पर निर्णय ले। चाहे वह विधान संशोधन का निर्णय हो, या अन्य कोई निर्णय। आगामी कार्यकारिणी आवश्यकतानुसार विचार करेगी, इसलिये मैं इसका विरोध करता हूं। कार्यकारिणी को विधान के विपरीत कोई कार्य नहीं करना चाहिए, विधान संशोधन के समय कार्यकारिणी में 27 लोग उपस्थित थे, जिसमें से 21 लोगों ने विरोध मत दिया था। और 6 लोगों ने इसके पक्ष में वोट डाले थे। कार्यकारिणी ने उसमें कुछ कमी पाई, इसीलिए ही वह प्रस्ताव रिजेक्ट हुआ, अत: इसको रि ओपन नहीं करना चाहिए, हमें सामाजिक कुरीतियों पर विचार करना चाहिए। समाज के युवा अविवाहित हैं, समाज के गरीब बच्चों को शिक्षा देने का कार्य इन सभी बातों पर हमें मनन करना चाहिए। आगामी चुनाव पर अगली कार्यकारिणी विचार करेगी। समाज की मूलभूत समस्याओं पर चिंतन करना चाहिए।

महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी.जैन ने कहा कि अलवर में प्रस्ताव रिजेक्ट हुआ था, यह सही है, मेरा तो यह प्रस्ताव है कि जो प्रस्ताव रिजेक्ट हुआ है, उसे पुन: विचार के लिए आगामी कार्यकारिणी को भेजा जाए।

श्री देवेन्द्र जैन जयपुर ने कहा कि अगर कोई अच्छा प्रस्ताव आता है तो वह इसी उधेड़बुन में ही रह जाएगा, जबकि विधान संशोधन कमेटी में पूर्व महामंत्री श्री जितेन्द्र जी ही थे। शायद वह यह चाहते हैं, कि चुनाव इसी तरह संपन्न हों।

संयुक्त मंत्री श्री विमल जैन आगरा ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा रखे गये प्रस्ताव का मैं विरोध करता हूं, क्योंकि कार्यकारिणी द्वारा अलवर में प्रस्ताव 21 - 6 के मत में गिर गया। वह मान्य नहीं किया गया। मैं मानता हूं कि ए.जी.एम. सर्वोपरि है, किन्तु कार्यकारिणी के अधिकारों को कभी भी कम नहीं कर सकते। जब कार्यकारिणी ने प्रस्ताव गिरा दिया तो ए.जी.एम. में नहीं आना चाहिए। नवीन कार्यकारिणी भी प्रस्ताव लाएगी, वह आगामी ए.जी.एम. में चर्चा होगी, कृपया इस पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए। कुरीतियों व अन्य विषयों पर चर्चा की जाए, जिससे समाज की प्रगति हो। एक प्रस्ताव मेरा भी है, चुनाव के संबंध में। चुनाव खर्चीला हो गया है, इस पर विचार होना चाहिए। एवं श्री देवेन्द्र जी भाई साहब को विधान संशोधन कमेटी के किसी भी सदस्य का नाम लेकर बात नहीं करनी चाहिए। श्री भागचंद जैन (खेड़ली पूर्व चेयरमेन) जयपुर ने कहा कि महामंत्री राजीवरतन जैन ने बताया कि युवा भाई गौरव जैन दीप प्रज्ज्वलन के लिए आए हैं, युवा भाई गौरव जैन के दीप प्रज्ज्वलन कर हमारी युवा शक्ति के उत्साह को दर्शाता है, जैन समाज ने सभी क्षेत्रों में उन्नति की है, उसमें हमारे युवा भाइयों ने जो उन्नति की है, चाहे वह व्यापार का क्षेत्र हो, नौकरी का हो, उद्योग का क्षेत्र हो, जो हमारा समाज 20 साल पहले था, आज वह कहीं ज्यादा आगे खड़ा है। हमारा समाज आज कई हजार गुना आगे खड़ा है, हमें यह संकल्प लेना चाहिए, कि हम अपने धर्म के प्रति समाज के प्रति, कुरीतियों के प्रति जो सक्रिय सहयोग दे सकते हैं, आप युवा हो, आपको यह संकल्प लेना चाहिए इस तरह के शिविर लगाना चाहिए, इस तरह के आयोजन होना चाहिए कि समाज के अंदर जो भी कुरीतियां हैं, उन को आगे आकर हम दूर करें।

राजेश जैन आगरा अपने विचारों से व्यक्त करते तभी सभागृह में पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी का ससंघ प्रवेश हुआ, हॉल में उपस्थित सभी समाजजनों ने माताजी की संध्या आरती करी। तत्पश्चात् वह अपने आश्रम में लौट गईं। भाई राजेश ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को प्रतिवर्ष 11 या 21 जोड़ों का विवाह करना चाहिए। पूरे वर्ष विवाह के रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। यह संस्था समाज के विकास के लिए बनी है, इसमें ऐसे कार्य निरंतर होते रहना चाहिए ।

महासभा अर्थमंत्री श्री अजित जैन ने महासभा की 2018 से अब तक की आय-व्यय की रिपोर्ट विस्तृत रूप से प्रस्तुत की व

साथ ही जानकारी दी कि इस माह की पत्रिका में प्रकाशन के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है।

राजीव जैन ग्वालियर ने महासभा को अपने विचारों से व्यक्त किया, कि महासभा को वर्ष में दो बार इस तरह की मीटिंग आयोजित करना चाहिए एवं अच्छे कार्यों के लिए शाखाओं को सम्मानित करना चाहिए।

श्री सुरेश जैन अलवर चुनावी खर्चों को लेकर हम क्या रूपरेखा तैयार कर सकते हैं, वर्तमान एवं आगामी कार्यकारिणी से निराकरण पूछा।

भूतपूर्व अध्यक्ष श्री शिखरचंद जैन आगरा, महासभा की सभी केन्द्रीय कार्यकारिणी टीमों ने अपनी अपनी क्षमता व योग्यता के हिसाब से कार्य किये, यह निश्चय करें, कि हम कार्य करेंगे, तभी विकास होगा। पदाधिकारियों को समाज के लिए समय देना पड़ेगा। शाखाओं में भ्रमण करना पड़ेगा। शाखाएं अपने प्रस्ताव बना कर महासभा को भेजें, तभी कोई काम बनेगा। आगामी अध्यक्ष महामंत्री नियम बनायें कि हम एक माह में दो या तीन शाखाओं में भ्रमण करेंगे, कल होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण संपन्न करायें जिससे समाज का नाम रोशन हो, कहीं भी खराब न हो।

राकेश बजाज आगरा – पल्लीवाल समाज संगठित व बहुत ही संपन्न हो गई है, हमारा समाज हिन्दुस्तान के सभी क्षेत्रों में है चाहे वाह उद्योग व्यापार हो या नौकरी हो। सभी में हमारे लोग उच्च्व स्थानों पर हैं। मेरा सुझाव है कि एक स्टेट से दूसरे स्टेट में संपन्न लोग समाज के सहयोग से ऐसे लोगों को भी आगे बढ़ाया जाए जो संपन्न कम हैं, ऐसा करने से हम उन्हें अपने साथ ला सकते हैं, समाज के बच्चों के विवाह नहीं हो पा रहे हैं, हम अपने बच्चों का विवाह अपनी समाज में ही करेंगे, ऐसे व्यक्ति प्रमुख पदों पर आयें जिन्होंने अपने बच्चों का विवाह समाज में ही किया हो। जिससे उन्हें समाज को सही प्रेरणा देने का अवसर मिलेगा, जिससे निश्चित रूप से हमारी समाज ऊँचाइयों को छुएगी।

भागचंद जैन जयपुर – महासभा की सदस्यता वर्तमान में 9500 है, जो कम से कम 25 से 30 हजार हो। जब हम साढ़े नौ हजार में सारी प्रोब्लम फेस कर रहे हैं, उसका समाधान ढूंढ रहे हैं, इसके समाधान के लिए हमें डिजिटल करना आवश्यक है। जो आज की टेक्नोलॉजी के साथ मेल खाता है। हमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पास सर ढंकने के लिए कोई भी स्थान नहीं है, मैं अध्यक्ष पद का प्रत्याशी हूं, इसलिये मैंने अपने मेनूफेस्टो में देना पड़ा कि पहला काम डिजिटलाइजेशन एवं यह चुनाव प्रक्रिया को जो बहुत महंगी हो गई है। हमारी सामाजिक संस्था है, सभी संस्थाओं में चुनाव डिसेण्ट्रलाइजेशन से होते हैं। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है। हमारे यहां आम्नायों में भी कोई प्रॉब्लम नहीं है, मैं नमन करता हूं कि हमारे यहां की महिलाओं को जो एक आम्नाय से दूसरे आम्नाय में जाकर सहर्ष स्वीकार कर लेती हैं। हम आपस में बेटे बेटियों का विवाह करते हैं, यदि हमारी समाज के पास सेण्टर पॉइण्ट पर कोई जगह हो तो हमें समाज के कार्यक्रमों के लिए कहीं भी स्थान की भीख नहीं मांगनी पड़ेगी।

पूर्णिमा जैन अलवर, – महिला कार्यकारिणी संख्या बढ़ाई जावे व महासभा के सदस्यों को बढ़ाने का दायित्व हम सभी का है। हमारे बच्चे विजातीय विवाह करते हैं, जिसके लिए हम माता पिता ही दोषी हैं। हमें बच्चों को संस्कारित करना चाहिए।

सुनील जैन आगरा – आने वाली कार्यकारिणी को संदेश दिया कि ऐसा मंच नहीं होना चाहिए जिसमें सीट ज्यादा हों, और कुर्सी खाली हों। मंच पर कुल पांच लोग बैठें, साथ ही चुनाव में मतदान शांतिपूर्वक करें, यह पवित्र धरती है, यहां से पल्लीवालों का एक संदेश ऊँचाई को छूने वाला जाना चाहिए।

नेमीचंद जैन मुरैना – बहुत खुशी की बात है कि आज यहां हॉल में इतने सारे समाजजन उपस्थित हैं। जो भी प्रत्याशी जीत कर आये, उन्होंने जो वादे किए हैं, उस पर खरे उतरें, काम करें।

महेश जैन (झोटवाड़ा) जयपुर – महासभा का एक दिन एक काम होना अत्यंत आवश्यक है। महासभा की सभी शाखाओं को काम जरूर देना चाहिए। भोजन की कल की व्यवस्था सुदृढ़ हो, हमारा जहां भी सहयोग हो, लीजिए। व्यवस्था बनाना हमारा अपना काम है। इसमें जहां भी कमी हो, सहन कर लें। यह पवित्र नगरी हस्तिनापुर में समाज का नाम बदनाम ना हो।

विनोद जैन दिल्ली – अपने विचारों से सदन को अवगत कराया एवं चुनाव सौहार्दपूर्ण शांतिपूर्ण व आपसी सहयोग से संपन्न कराने का आग्रह किया।

महासभा अध्यक्ष आर.सी.जैन – मेरा आप सभी से दो निवेदन है, पहले तो ऐसी कोई गतिविधि नहीं करनी है, जिससे समाज पर कोई धब्बा लगे। हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना, यदि कोई किसी को उकसाने का कार्य करता है तो हम शांत रहें। चुनाव विवाद समाधान समिति में दोनों पक्ष अपना नाम दे दें। एक नाम मैं भी दे दूंगा, जिससे चुनाव अधिकारी को सहयोग मिल सके। क्षमावणी पर्व निकल चुका है, मैं अपनी ओर से अपनी कार्यकारिणी की ओर से चार वर्षों में कभी भी कोई गलती हुई हो उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। पिछले चार वर्षों में कुछ काम कर पाये कुछ नहीं कर पाये। जो काम करेगा उससे गलती होना स्वाभाविक है। जो भी कमी रही, उसके लिए मैं अपनी ओर से अपनी कार्यकारिणी की ओर से कभी भी कोई गलती हुई हो, उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। आप सभी ने जितना सहयोग हमें दिया है, उससे ज्यादा नई कार्यकारिणी को देने की कोशिश करें, मैं पदेन सदस्य रहूंगा। और कोशिश करूंगा कि मीटिंग में जाउं, अगर मेरा सहयोग लेने का प्रयास किया तो मुझे कोई संकोच नहीं है, मैं पूर्ण सहयोग दूंगा। मेरी प्रतिबद्धता किसी कार्यकारिणी के साथ नहीं है, पल्लीवाल जैन समाज के साथ है।

*–**महामंत्री,** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा*

# भावभीनी श्रृद्धांजलि



**पूजनीय पिताजी स्व. श्री प्यारेलाल जी जैन चौधरी**
**श्रद्धेय माताजी स्व. श्रीमती असरफी देवी जी जैन**
*(मूल निवासी - मौजपुर, अलवर)*



**स्व. श्रीमती इन्दु जी जैन**
*(धर्मपत्नी श्री पदम चन्द जैन)*
**(स्वर्गवास : 30.12.2018)**

*हम सभी परिवार के सदस्य सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये भगवान वीर से उनकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।*

## श्रद्धावनत

***पुत्र :***
पदम चन्द जैन
***पौत्र-पौत्रवधु :***
पारस जैन-रश्मि जैन,
***पौत्री-दामाद :***
डिम्पल-राजेश जैन
सिम्पल-नितिन जैन
प्रिती-उत्तम कोठारी
***पड़पोत्री-पौत्र :***
चेल्सी जैन-अक्षत जैन

***पुत्र :***
अनूप चन्द जैन
***पौत्र-पौत्रवधु :***
हेमन्त जैन-मधु जैन
***पौत्री-दामाद :***
सुनिता-सुनिल
अनिता-परवेश
विनिता-प्रताप
***पड़पौत्र :***
रोबीन-मानस

***निवास :***
बी-52, कीर्ति नगर, टोंक रोड, जयपुर
फोन : 0141-2706317, 9829066317, 9414055855

# 44वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन



## स्व. श्री चिम्मनलाल जी जैन

मुबारिकपुर वाले

*(समाज के कर्मठ कार्यकर्त्ता)*

स्वर्गवास : 11.11.1974

***आपने अपने अथक परिश्रम, त्याग, धर्मनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता व सत्य आदर्शवाद से जो उच्च आदर्श स्थापित किये थे, हम उन्हें सर्वेस्य स्त्रोत मानकर आजीवन निभायेंगे। हम आपके आदर्शवादी जीवन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं।***

### श्रद्धावनत

*पुत्र-पुत्रवधु :*
राजेन्द्र-मिथलेश
बिजेन्द्र-बीना
देवेन्द्र-मन्जू
राजेश-संतोष

*भ्राता :*
भगवान सहाय जैन
महावीर प्रसाद जैन

*पुत्री-दामाद :*
श्रीमती ऊषा
आशा-अशोक कुमार

*पौत्र-पौत्रवधु :*
रूपेश-रजनी, विकास-सुनीता
गौरव-पूजा, मोहित-मनीषा
नितिश-दीपाशा, मनीष-बिन्दिया
गौतम

*प्रपौत्र, प्रपौत्री :*
सिद्धान्त, अरिहन्त, रिद्धी
सिद्धी, वैष्णवी, यश,
अदिश्री, अद्विक, दिया, निया

*पौत्री-पौत्री दामाद :*
मुकेश
सोनिया-राहुल, गरिमा-गुंजन
डॉ. निमिषा-डॉ. आधार, नेहा-जितेन्द्र
आयुषी, सानू-रवि

*प्रतिष्ठान*

- विजय जनरेटर एण्ड इलै. स्टोर (अलवर)
- जैना ट्रेडर्स, विकास इलैक्ट्रिकल्स (अलवर)
- जैन मशीनरी एण्ड जनरेटर (मुबारिकपुर)
- रिषभ जनरेटर, गर्वित फोटो स्टेट (मुबारिकपुर)

॥ श्री महावीर नमः ॥

# 21वीं पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्रीमती प्रभा जैन

( स्वर्गवास : 6 दिसम्बर 2001 )

*छाया मिले आपकी हरदम, सिर पर आपका हाथ हो।*
*जीवन के हर मोड़ पर सदा आपका आशीर्वाद हो॥*

*श्रद्धावनत*

महावीर प्रसाद जैन *( पति )*

*पुत्र-पुत्रवधु :*
मृदुल-शलिनी जैन

*पौत्र, पौत्री :*
मानस, रिद्धिशी जैन

*पुत्री-दामाद :*
प्रीति-विकास जैन *(कोटा)*

*दोहिती :*
निशा, महक जैन

*निवास :*
*50-मानस, यादव कॉलोनी, गायत्री नगर, अजमेर रोड, ब्यावर*
*मो.: 7737620221, 7737720221, 7737820221, 8233741751*

## महासभा सदस्यता

1. Sh.Ashish Jain S/O Sh.Munna Lal Jain, Morena (C.R. 5905)
2. Smt.Babita Jain W/O Sh.Vijay Kumar Jain, Morena (C.R. 5906)
3. Smt.Chaya Jain W/O Sh.Saurabh Jain, Morena (C.R. 5907)
4. Sh.Saurabh JainS/O Munna Lal Jain, Morena (C.R. 5908)
5. Smt Sobha Jain W/O Sh.Parmod Jain, Morena (C.R. 5909)
6. Khushi Jain D/O Sh.Parmod Jain, Morena (C.R. 5910)
7. Smt Mamta Jain W/O Sh.Chander Prakash Jain, Morena (C.R. 5911)
8. Sh.Prakhar Jain S/O Sh.Paras Jain, Morena (C.R. 5912)
9. Smt Manju Jain W/O Sh.Paras Jain, Morena (C.R. 5913)
10. Sh.Abhishek Jain S/O Sh.Ramesh Chand Jain, Morena (C.R. 5914)
11. Smt.Indubala Jain W/O Sh.Dinesh Kumar Jain, Morena (C.R. 5915)
12. Smt Pallivi Jain W/O Sh.Chander Prakash Jain, Morena (C.R. 5916)
13. Sh.Dinesh Kumar Jain S/O Sh.Chaggan Lal Jain, Morena (C.R. 5917)
14. Sh.Harshit Jain S/O Sh.Chander Prakash Jain, Morena (C.R. 5918)
15. Sh.Chander Prakash Jain S/O Sh.Gopi Nath Jain, Morena (C.R. 5919)
16. Smt.Asha Jain W/O Sh.Prakash Chand Jain, Alwar (C.R. 5920)
17. Sh.Arpit Jain S/O S/o Sh.Prakash Chand Jain, Alwar (C.R. 5921)
18. Smt Anumma Jain W/O Sh. Bhagwan Das Jain, Morena (C.R. 5924)
19. Smt Rachna Jain W/O Sh.Parmod Jain, Morena (C.R. 5925)
20. Sh.Parmod Jain S/O Sh.Babu Lal Jain, Morena (C.R. 5926)
21. Sh.Rajat Jain S/O Sh.Munna Lal Jain, Morena (C.R. 5927)
22. Smt Heena Jain W/O Sh.Anurag Jain, Morena (C.R. 5928)
23. Smt Anksha Jain W/Osh.Rajat Jain, Morena (C.R. 5929)
24. Smt Rani Jain W/O Sh.Manoj Kr.Jain, Morena (C.R. 5930)
25. Sh.Manoj Kr.Jain S/.O Sh.Mahesh Chand Jain, Morena (C.R. 5931)
26. Sh.Abhishek Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain , Morena (C.R. 5932)
27. Sh.Rajat Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain, Morena (C.R. 5933)
28. Smt Chaya Jain W/O Sh.Abhishek Jain, Morena (C.R. 5934)
29. Sh.NarenderKr.Jain S/O Sh.Kapoor Chand Jain, Delhi (C.R. 5936)
30. Sh.Vijay Jain S/O Shree chand jain, Alwar (C.R. 5937)
31. Smt Usha Jain W/O Sh.Yatender Jain, Alwar (C.R. 5938)
32. Sh.Raja Jain S/O Sh.Narender Kr.Jain, Alwar (C.R. 5939)
33. Sh.Mayank Jain S/O Sh.Narender kr.Jain, Delhi (C.R. 5940)
34. Sh.Satish Chand Jain S/O Late Sh.Hazari Lal Jain, Alwar (C.R. 5941)
35. Sh.Ashish Jain S/O Sh.Satish Chand Jain, Alwar (C.R. 5942)
36. Smt Renu Jain W/O Sh.Ashish Jain, Alwar (C.R. 5943)
37. Sh.Arpit Jain S/O Sh.Satish Chand Jain, Alwar (C.R. 5944)
38. Smt Seema Jain W/O Sh.Arpit Jain, Alwar (C.R. 5945)
39. Smt Bindiya Jain W/O Sh.Raj Kumar Jain, Alwar (C.R. 5946)
40. Sh.Anshu Jain S/O Sh.Tara Chand Jain, Nogaon (C.R. 5947)
41. Smt Rinky Jain W/O Sh.Anshu Jain, Nogaon (C.R. 5948)
42. Smt ArpanaJain S/O Sh.Rohit Jain, Alwar (C.R. 5949)
43. Sh.Rohit Jain S/O Sh.Bachhu Sigh Jain, Alwar (C.R. 5950)
44. Sh.Nitesh Jain S/O Sh.Amar Chand Jain, Alwar (C.R. 6001)
45. Smt Renu Jain W/O Sh.Nitesh Jain, Alwar (C.R. 6002)
46. Sh.Ashish Jain S/o Sh.Ramesh Chand Jain, S.Madhopur (C.R. 6003)
47. Sh.Jitesh Jain S/O Sh.Ramesh Chand Jain, S.Madhopur (C.R. 6004)
48. Sh.Manish Jain S/O Sh.Ramesh Chand Jain, S.Madhopur (C.R. 6005)
49. Sh.Sachin Jain S/O Sh.Satish Chand Jain, Agra (C.R. 6006)
50. Ishita Jain D/O Sh.Vipin Jain, Agra (C.R. 6007)
51. Sh.Vipul Jain S/O Sh.Vipin Jain, Agra (C.R. 6008)
52. Sh.Manish Jain S/O Late Sh.Ashok Kr.Jain, Noida (C.R. 6009)
53. Smt Manju Jain W/O Sh.Satish Chand Jain, Agra (C.R. 6010)
54. Smt Neha Jain W/O Sh.Sachin Jain, Agra (C.R. 6011)
55. Smt Vandana Jasin W/O Sh.Ghansh;yam Kjain, Alwar (C.R. 6012)

## महासभा सदस्यता

56. Sh.Shallender Kumar Jain S/O Late Sh.Anoop Chand, Delhi (C.R. 6013)
57. Smt SapnaJain W/O Sh.Shallender Kr.Jain, Delhi (C.R. 6014)
58. Sh.Sushil Kr.Jain S/O Sh.Hukamchand Jain,, Morena (C.R. 6016)
59. Smt Sudha Jain W/O Sh.Murari Lal Jain, Morena (C.R. 6017)
60. Sh.Mahaveer Jain S/O Sh.Murari Lal jain, Morena (C.R. 6018)
61. Sh.Ramesh chand Jain S/O Late Sh.Badri Pd.Jain, Morena (C.R. 6019)
62. Sh.Ankush Jain S/O Sh.Ramesh Chand Jain, Morena (C.R. 6020)
63. Sh.Punit Jain S/O Sh.Paras Jain, Sabalgarh (C.R. 6021)
64. Ritu Jain D/O Sh.Ram Kumar Jain, Sabalgarh (C.R. 6022)
65. Rajul Jain D/O Sh.Ram Kumar Jain, Sabalgarh (C.R. 6023)
66. Smt Renu Jain W/O Sh.Pooran Chand Jain, Sabalgarh (C.R. 6024)
67. Sh.Paras Jain S/O Sh.Kedar nath Jain, Sabalgarh (C.R. 6025)
68. Smt Kushum Jain W/O Sh.Paras Jain, Sabalgarh (C.R. 6026)
69. Sh.Pooran Chand Jain S/O Kedarnath Jain, Sabalgarh (C.R. 6027)
70. Kajal Jain D/o Sh.Ram Kumar Jain, Sabalgarh (C.R. 6028)
71. Smt Mamta Jain W/O Sh.Ram Kumar Jain, Sabalgarh (C.R. 6029)
72. Sh.Ramkumar Jain S/Osh.Kedar nath Jain, Sabalgarh (C.R. 6030)
73. Smt Neha Jain W/O Sh.Sachin Jain, Morena (C.R. 6031)
74. Sh.Sachin Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain, Morena (C.R. 6032)
75. Sh.Gaurav Jain S/o Sh.Mahesh Chand Jain, Morena (C.R. 6033)
76. Smt Seema Jain W/O Sh.Suresh Chand Jain, Morena (C.R. 6034)
77. Smt Sevi Jain D/O Sh.Gaurav Jain, Morena (C.R. 6035)
78. Sh.Avnesh Jain W/O Sh.Sushil Kumar Jain, Morena (C.R. 6036)
79. Ravi Jain S/O Sh.Raghuverdayal Jain-Vill.Khetena, Morena (C.R. 6037)
80. Sh.Rahul Jain S/O Vinod Jain,Vill-Khetena, Morena (C.R. 6038)
81. Sh.Saurabh Jain S/O Sh.Vinod Jain, Vill-Khetena, Morena (C.R. 6039)
82. Amit Jain S/O Sh.Satish Chand Kaomn-Dantpura, Morena (C.R. 6040)
83. Smt Priyanka Jain W/O Sh.Amit Jain-Dantpura, Morena (C.R. 6041)
84. Sh.Yesh Jain S/O Sh.Shikher chand Jain-Dantpura, Morena (C.R. 6042)
85. Khushboo Jain D/O Sh.Shikher Chand Jain, Morena (C.R. 6043)
86. Sh.Paras Kr.jain S/O Late Sh.Padam Chand Jain, Morena (C.R. 6044)
87. Smt Babita Jain W/O Pardeep Jain-Dantpura, Morena (C.R. 6045)
88. Smt Kavita Jain W/O Sh.Paras Kr.jain,Dantpura, Morena (C.R. 6046)
89. Sh.Pardeep Kr. Jain S/O Sh.Padam Chand Jain-Dantpura, Morena (C.R. 6047)
90. Sh.Prakul Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain-Maharajpur, Morena (C.R. 6048)
91. Smt.Reena Jain W.O Sh.Girraj Jain, Morena (C.R. 6049)
92. Sh.Girraj Jain S/o Sh.Banke Lal Jain, Morena (C.R. 6050)
93. Sh.Harsh Jain S/O Sh.Kamal Chand Jain, Morena (C.R. 6051)
94. Mushkan Jain D/O Kamal Chand Jain, Morena (C.R. 6052)
95. Khushboo Jain D/O Kamal Chand Jain, Morena (C.R. 6053)
96. -Sunita Jain W/O Sh.Kamal Chand Jain, Morena (C.R. 605)
97. Ku.Harshita Jain D/O Sh.Rajinder Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6055)
98. Ritika Jain D/O Sh.Rajinder Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6056)
99. Sh.Deepash Jain S/O Sh.Rajinder Kr.jain, Nogaon (C.R. 6057)
100. Sh.Mohan Jain S/O Sh.Rakesh Kr.jain, Nogaon (C.R. 6058)
101. Antim Jain D/O Sh.Rakesh Kr.jain, Nogaon (C.R. 6059)
102. Sh.Hemant jain S/O Sh.Rakesh Kr.jain, Nogaon (C.R. 6060)
103. Megha Jain D/O Sh.Shashank Jain, Gurgaon (C.R. 6061)
104. Chirag Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6062)
105. Manish Jain S/O Sh.Mahesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6063)
106. Mahesh Chand Jain S/O Sh.Harish Chand Jain, Nogaon (C.R. 6064)
107. Smt Indra Devi W/O Sh.Mahesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6065)
108. Ayush Jain S/O Sh.Surender Kr.jainb, Nogaon (C.R. 6066)
109. Sh.Bharat Jain S/O Sh.Dharam Chand Jain, Nogaon (C.R. 6067)

110. Sh.Dharam Chand JainS/O Sh.Ummedi Lal Jain, Nogaon (C.R. 6068)
111. Sh.Rahul Jain S/O Sh.Padam Chand Jain, Nogaon (C.R. 6069)
112. Smt Manju Jain W/O Deepak Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6070)
113. Sh.Vishal Jain S/O Deepak Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6071)
114. Sh. Bharat Jain S/O Deepak Kumar jain, Nogaon (C.R. 6072)
115. Sh.Kartik Jain S/O Sh.Lalit Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6073)
116. Shakshi Jain D/O Sh.Lalit Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6074)
117. Sh.Deepak Jain S/O Sh.Prakash Chand Jain, Nogaon (C.R. 6075)
118. Smt Harsha Jain W/O Sh.Manish Jain, Nogaon (C.R. 6076)
119. Sh.Manish Jain S/O Anil Kumar Jain, Nogaon (C.R. 6077)
120. Sh.Ritesh Jain S/O Sh.Anil Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6078)
121. Smt Chanchal Jain W/O Suresh Jain, Nogaon (C.R. 6079)
122. Sh.Suresh Kr.Jain S/O Sh.Anil Kr.Jain, Nogaon (C.R. 6080)
123. Sh.Ajit Jain S/o Sh.Mangal Ram Jain, Nogaon (C.R. 6081)
124. Smt Meenu Jain W/O Sh.Ajit Jain, Nogaon (C.R. 6082)
125. Sh.Girish Jain S/O Sh.Raj Kumar Jain, Nogaon (C.R. 6083)
126. Smt Rajkumari Jain S/O Sh.Raj Kumar Jain, Nogaon (C.R. 6085)
127. Smt Sangeeta Jain S/O Sh.Lalit Kumar jain, Nogaon (C.R. 6085)
128. Smt Parmila Jain S/O Jagdish Pd.Jain, Nogaon (C.R. 6086)
129. Bhavna Jain D/O Sh.Jagdish Pd.Jain, Nogaon (C.R. 6087)
130. Lalit Jain S/O Sh.Shikher Chand Jain, Nogaon (C.R. 6088)
131. Mukesh Chand Jain S/Osh.Jagdish Pd.Jain, Nogaon (C.R. 6089)
132. Smt Vaishali Jain W/O Sh.Mukesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6090)
133. Muskan Jain D/O Mukesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6091)
134. Abhey Jain S/O Sh.Mukesh Chand Jain, Nogaon (C.R. 6092)
135. Smt.Babita Jain W/O Sh.Dharmender Jain, Agra (C.R. 6093)
136. Sh.Mayank Jain S/O Sh.Dharmender jain, Agra (C.R. 6094)
137. Sh.Dharmender Jain S/O Sh.Bhajan Lal Jain, Agra (C.R. 6095)
138. Sh.Paras Kr.Jain S/O Sh.Nemi Chand Jain, Agra (C.R. 6096)
139. Smt Deepti Jain W/O Sh.Deepak Jain, Agra (C.R. 6097)
140. Isha Jain D/O Sh.Dharmender Jain, Agra (C.R. 6098)
141. Shashi Kr.Jain S/O Sh.Ramji Lal Jain, Agra (C.R. 6099)
142. Charu Jain D/O Sh.Shashi Kumar Jain, Agra (C.R. 6100)
143. Chirag Jain S/O Sh.Shashi Kr.Jain, Agra (C.R. 6102)
144. Chetan Jain S/O Sh.Shashi Kr.jain, Agra (C.R. 6103)
145. Smt Ankita Jain W/o Sh.Abhishek Jain, Agra (C.R. 6104)
146. Smt Meenu Jain W/O Sh.Shashi Kumar Jain, Agra (C.R. 6105)
147. Anshul Jain S/O Sh.Virender Kr.jain, Agra (C.R. 6106)
148. Smt Ankita Jain S/o Sh.Anil Kr.jain, Agra (C.R. 6107)
